भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : 157
दिनांक 15 दिसंबर 2025

केजी बेसिन ब्लॉक केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 से कच्चे तेल का उत्पादन

157 **श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने के लिए हाल ही में कृष्णा गोदावरी (केजी) बेसिन ब्लॉक केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 से उत्पादन शुरू करने के लिए एक और कुआं खोला है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त नए कुएं से उत्पादन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) आंध्र प्रदेश सरकार को उक्त नये कुएं से कितनी वार्षिक अतिरिक्त रॉयल्टी मिलेगी?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

“केजी बेसिन ब्लॉक केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 से कच्चे तेल का उत्पादन” के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 157 भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): उत्पादन ब्लॉक में कूपों का वेधन निरंतर आधार पर किया जाता है। अपतटीय ब्लॉक डीडब्ल्यूएन-98/2 का प्रचालन ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) लिमिटेड द्वारा किया जाता है। इस अपतटीय ब्लॉक में कूपों का वेधन वर्ष 2020 में शुरू किया गया। पहला तेल कूप से उत्पादन जनवरी 2024 में हुआ। ओएनजीसी ने दिसंबर 2024 तक 12 (बारह) और कूपों को उत्पादन में शामिल करते हुए ब्लॉक में अपने उत्पादन संबंधी कार्यकलापों का व्यवस्थित रूप से विस्तार किया है। यह अपतटीय ब्लॉक वर्तमान में 13 तेल कूपों से लगभग प्रतिदिन 27,000 बैरल तेल (बीओपीडी) का उत्पादन करता है। उत्पादन के तहत सभी कूपों से उत्पादन के ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं ।

इसके अतिरिक्त, केजी अपतटीय बेसिन रिलायंस-बीपी के केजी-डीडब्ल्यूएन-98/3 (केजी-डी6) से भी लगभग 20,000 बीओपीडी तथा केयर्न इंडिया के रावा क्षेत्र से लगभग 8,000 बीओपीडी तेल का उत्पादन करता है, जिससे केजी बेसिन का प्रति दिन कुल अपतटीय तेल उत्पादन लगभग 55,000 बैरल हो गया है।

(ग): भारत सरकार को केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 जैसे अपतटीय ब्लॉकों से तेल और गैस के उत्पादन पर रॉयल्टी, ब्लॉक के कुल उत्पादन के आधार पर (और कूपों के आधार पर नहीं) देय होती है तथा यह तेलक्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम के तहत जारी अधिसूचनाओं द्वारा शासित होती हैं। पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री पर विभिन्न करों के संग्रह के माध्यम से राज्य सरकार वित्तीय रूप से लाभान्वित होती है।

केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक हेतु सीएसटी तथा वैट के रूप में भुगतान वर्षों से लगातार बढ़ रहा है, जो वर्ष 2019-20 में 0.54 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 235.69 करोड़ रुपये हुआ तथा वर्ष 2025-26 (नवंबर 2025 तक) में 178.74 करोड़ रुपये हो गया है।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वी अपतटीय क्षेत्र के सभी ब्लॉकों से वर्ष 2024-25 के दौरान अर्जित सीएसटी तथा वैट की कुल धनराशि 985.53 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2025-26 (नवंबर 2025 तक) में 660.50 करोड़ रुपये थी।

आंध्र प्रदेश राज्य सरकार का वर्ष 2024-25 के दौरान पेट्रोलियम क्षेत्र से कुल राजस्व (पेट्रोल तथा डीजल पर वैट संग्रह सहित) लगभग 16000 करोड़ रुपये था।

*****

अनुलग्नक

"केजी बेसिन ब्लॉक केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 से कच्चे तेल का उत्पादन" के संबंध में श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा दिनांक 15.12.2025 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 157 भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्रमांक	कूप	उत्पादन का प्रारंभ	तेल उत्पादन (बीओपीडी)
1	**पीडीएम-ए**	07.01.2024	3565
2	**पीडीएम-बी**	07.01.2024	3850
3	**पीडीएम-सी**	07.01.2024	2150
4	**पीडीएम-जी**	07.01.2024	1184
5	**एम 4**	24.08.2024	222
6	**ए2-ए**	30.10.2024	1514
7	**ए2-बी**	30.10.2024	2939
8	**ए2-सी**	30.10.2024	4380
9	**केडीजी#2 (केडीजी#ई)**	16.12.2024	474
10	**केडीजी#3 (केडीजी#डी)**	16.12.2024	1608
11	**केडीजी#4 (केडीजी#सी)**	16.12.2024	1311
12	**केडीजी#5 (केडीजी#बी)**	16.12.2024	1760
13	**केडीजी#7 (केडीजी#जे)**	16.12.2024	1827
कुल	**13 कूप**		**26784**

स्रोत: हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय

*प्रतिदिन उत्पादित तेल के बैरल